बीईएमएल की नई वेबसाइट सक्रिय

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न श्रेणी- I कंपनी है, ने कंपनी की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया।

कंपनी के मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में, श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने 'गो लाइव' को क्लिक करके नई वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री बीआर विश्वनाथ, निदेशक (खनन और निर्माण), श्री आर एच मुरलीधर, निदेशक (रक्षा व्यवसाय), श्री उमेश चंद्रा, कार्यकारी निदेशक (आईटी और टी) और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।

कंपनी की नई वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए श्री डी के होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल लिमिटेड

बीईएमएल वेबसाइट को आसानी से ग्रहण योग्य स्थैतिक और गतिशील घटकों के साथ अति सुंदर रूप से, उच्च मूल्य वाली सामग्रियों और प्रासंगिक छवियों के साथ पुनर्विन्यास किया गया है। वेब पुनर्विन्यास का प्राथमिक उद्देश्य यह है कि संभावित ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हेतु आकर्षित करके हमारी वेबसाइट की बिक्री योग्यता को आगे बढ़ाना। वेबसाइट का नया डिज़ाइन हमारे व्यापार में बिक्री और विपणन के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। हमारी वेबसाइट को नया रूप देने का एक और मूल्यवर्द्धन यह है कि खोज इंजनों में उच्च रैंकिंग सुरक्षित करना। वेबसाइट का पुनर्विन्यास सरकार, मंत्रालय के दिशानिर्देशों और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करना सुनिश्चित करता है और मौजूदा तथा संभावित दर्शकों पर एक उत्कृष्ट पहली और स्थायी छाप प्रदान करता है।

बेंगलूर
19.10.2017

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस